Title: Need to set up a Power Grid Station at Baniapur in Maharajganj Parliamentary Constituency in Bihar - Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह(महाराजगंज): महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के मध्य भाग बनियापुर में एक पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। झारखण्ड राज्य के अस्तित्व में आ जाने के पश्चात शेा बिहार मुख्यतः कृाि पर निर्भर रह गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिले छपरा एवं सीवान शुरू से ही कृाि पर निर्भर हैं, क्योंकि इन जिलों में औद्योगिक विकास लगभग शून्य है तथा किसानों के लिए सिंचाई आदि प्रयोजनों हेतु विद्युत आपूर्ति ही एकमात्र आशा का स्रोत है। इस संबंध में वर्ा 98 में संसद में प्रथम बार प्रवेश करने के साथ ही मैंने अपने क्षेत्र में दयनीय विद्युत आपूर्ति की स्थिति के संबंध में बताते हुए बनियापुर में एक पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना हेतु अनुरोध पत्र भेजा था। जून, 1998 में भी नियम 377 के तहत मैंने संसद में इस मामले को उठाया था तथा मंत्री जी ने स्वयं मेरी मौजूदगी में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से वार्ता की एवं विद्युत आपूर्ति की दयनीय स्थिति को देखते हुए बनियापुर में एक ग्रिड स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति के साथ साथ इस ग्रिड स्टेशन के शिलान्यास की तारीख भी निर्धारित कर दी थी किंतु शिलान्यास की तारीख के दो दिन पूर्व ही लोक सभा भंग होने के कारण इस ग्रिड स्टेशन का शिलान्यास नहीं हो सका।

अतः मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि बनियापुर में पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना हेतु पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को निर्देशित किया जाए।